राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
माध्यमिक स्तर
पाठ -0:सामाजिक विज्ञान की प्रस्तावना
कार्यपत्रक - 1

1 'सामाजिक विज्ञान समाज को समझने का एक तरीका है'। व्याख्या कीजिए।

2 दीवारों पर बनाए गए चित्रों के कौन से पक्ष आपको यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि वह किसी तरह का अनुष्ठान रहा होगा। उल्लेख कीजिये।

3 उन गतिविधियों का उल्लेख कीजिये, जो प्रारंभिक आदिम मनुष्यों को आज के मनुष्य से अलग करती हैं।

4 "किसी भी स्थान का भूगोल हमें उस समाज के जीवन और इतिहास को समझने में मदद करता है"। विश्लेषण कीजिए।

5 आज के समाज की समस्याओं के बारे में सोचिए। इन समस्याओं में से कम से कम एक के लिए आप क्या संभव समाधान दे सकते हैं?

6 भीमबेटका गुफा चित्रों के विषयों का विश्लेषण कीजिये ।

7 उन कारकों का विश्लेषण कीजिये जो शहरों और नगरों के विकास में मदद करते हैं।

8 मनुष्यों के जीवन में अग्नि का बहुत महत्वपूर्ण योगदान था। विश्लेषण कीजिए।

9 हड़प्पा सभ्यता में प्रचलित कृषि की विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए।

10 उन विशेषताओं का उल्लेख कीजिये जो सिंधु घाटी सभ्यता के नगर नियोजन को दुनिया में सबसे उत्कृष्ट बनाती हैं।